Minutes of Emergent meeting of COM

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**दिनांक : 01 अप्रैल 2023**
**स्थान : वेबिनार**
**उपस्थिति : वेबिनार के माध्यम से, जो निम्न है:**

**कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट के सदस्य**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. | श्री राकेश कुमार तिवारी | - | माननीय अध्यक्ष, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन |
| २. | श्री दिलीप सिंह | - | माननीय उपाध्यक्ष, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन |
| ३. | सुश्री प्रिया कुमारी | - | माननीय संयुक्त सचिव, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन |
| ४. | श्री आशुतोष नंदन सिंह | - | माननीय कोषाध्यक्ष, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन |
| ५. | श्री ओम प्रकाश जायसवाल | - | माननीय जिला प्रतिनिधि, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन |
| ६. | श्री विकाश कुमार | - | आईसीए पुरुष प्रतिनिधि |
| ७. | सुश्री लवली राज | - | आईसीए महिला प्रतिनिधि |

**बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारीगण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. | श्री मनीष राज | - | मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन |
| २. | श्री नीरज सिंह | - | जी. एम. - प्रशासन, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन |
| ३. | श्री सुनील कुमार सिंह | - | जी. एम.- क्रिकेट संचालन, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन |

**अध्यक्षता**

माननीय अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी के द्वारा कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक की अध्यक्षता किया गया।

**कोरम**

यह सुनिश्चित करने के पश्चात कि बैठक के लिए अपेक्षित सदस्यगण इस कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक मे उपस्थित/सम्मलित है, बैठक की शुरुआत किया गया। उपस्थित/सम्मलित सभी सदस्यों की अनुमति से, कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक बुलाने की सूचना जो पूर्व में सभी सदस्यों को दिया गया था, पुनः आज के चर्चा के लिए रिकॉर्ड पर लाया गया।

**सभा का संचालन**

माननीय अध्यक्ष ने उपस्थित/सम्मलित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के नीरज सिंह (जी.एम. - प्रशासन, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ) को सभा संचालन करने का आदेश दिया। माननीय अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी के आदेश से नीरज सिंह (जी.एम. - प्रशासन, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ) ने सभा का संचालन किया ।

Rakesh Kumar Tiwary

BIHAR CRICKET ASSOCIATION
Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**एजेंडा संख्या 1: कमेटी ऑफ मैनेजमेंट के पूर्व की बैठको की संपूष्टि।**
**निर्णय :** जीएम प्रशासन ने एजेंडा संख्या 1 को पटल पर रखा, जिसमे पूर्व में कमेटी ऑफ मैनेजमेंट की बैठक में लिए गए निर्णय को संपुष्ट करना है। जिसे मीटिंग में शामिल सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से संपुष्ट करते हुए पारित किया।

**एजेंडा संख्या 2: एजेंडा: पुरुष वर्ग अंतर-जिला घरेलू मैंचों में हुए खर्चो एवं बकाये पर चर्चा और निर्णय।**
**निर्णय :** नीरज सिंह, जीएम प्रशासन ने एजेंडा संख्या 2 को चर्चा के लिए पटल पर रखा। जिसमे पुरुष वर्ग अंतर-जिला घरेलू मैंचों -2023 जो अभी चल रहा है, में हुए खर्चो (जिसमे अंपायर का भुगतान/खर्चा भी सम्मलित है) एवं बकाया पर चर्चा हुई। नीरज सिंह ने बतया कि टूर्नामेंट कमिटी के अप्रूवल से सम्बंधित के बैंक खातों में भुगतान किया गया है. इसमें किसी भी तरह का विचलन नहीं है। उपाध्यक्ष श्री दिलीप सिंह ने बैठक में शामिल सभी सदस्यों को बताया कि वर्त्तमान में चल रहे सुपर लीग मैच जो कि तीन दिन का है, उसमे होस्ट एसोसिएशन को प्लेयर्स के बोर्डिंग एवं लॉजिंग तथा अन्य व्यवस्था करने में होने वाले खर्चो के मद में पंद्रह हज़ार रूपया प्रति मैच दिवस की प्रतिपूर्ति का निर्णय पूर्व में लिया गया था। परन्तु वास्तविक खर्चो को ध्यान में रखते हुए प्रतिपूर्ति की राशि पंद्रह हज़ार (15) से बढ़ा कर बीस (20) हज़ार रूपए प्रति मैच दिवस करने पर निर्णय लिया जा सकता है। चर्चा उपरांत बैठक में सम्मलित सभी सदस्यों ने अभी तक हुए खर्चो को सर्वसम्मति से पारित किया एवं बकाये भुगतान को जल्द से जल्द करने के लिए सम्बंधित व्यक्ति को आदेश दिया। यह भी निर्णय लिया कि चल रहे सुपर लीग के लिए प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान पंद्रह हज़ार (15) से बढ़ा कर बीस (20) हज़ार रूपए प्रति मैच दिवस किया जाता है।

**एजेंडा संख्या 3: आगामी अंतर-जिला घरेलू मैंचों में होने वाले खर्चो पर चर्चा और निर्णय।**
नीरज सिंह, जीएम प्रशासन ने आदेश से एजेंडा संख्या 3 को पटल पर चर्चा एवं निर्णय के लिए सदस्यों के समक्ष रखा, साथ ही आगामी अन्तर जिला घरेलू मैचों में होने वाले संभावित खर्चो की ब्योरा भी सदस्यों को दी।
**निर्णय:** चर्चा उपरांत मीटिंग में शामिल सभी सदस्यों ने माननीय उपाध्यक्ष श्री दिलीप सिंह एवं माननीय कोषाध्यक्ष श्री आशुतोष नंदन सिंह को इन खर्चो पर, कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की तरफ से निर्णय लेने के लिए सर्वसम्मति से अधिकृत किया।

**एजेंडा संख्या 4 : सपोर्ट स्टाफ के बकाये एवं भुगतान के तरीके पर चर्चा और निर्णय।**
जीएम प्रशासन ने एजेंडा संख्या 4 को चर्चा के लिए पटल पर रखा और मीटिंग में शामिल सभी सदस्यों को बताया कि बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के सपोर्ट स्टाफ के बकाये का भुगतान करना है।
**निर्णय:** चर्चा उपरांत मीटिंग में शामिल सभी सदस्यों ने माननीय उपाध्यक्ष श्री दिलीप सिंह जो की क्रिकेटिंग इंचार्ज भी है एवं माननीय कोषाध्यक्ष श्री आशुतोष नंदन सिंह को इन बकाया भुगतान किसको कितना देना है पर, कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट के तरफ से निर्णय लेने के लिए सर्वसम्मति से अधिकृत किया।

**एजेंडा संख्या 5 : विहार क्रिकेट एसोसिएशन के GST, TDS एवं अन्य वैधानिक अनुपालन के विषयों पर चर्चा और निर्णय।**

Rakesh Kumar Tiwary

BIHAR CRICKET ASSOCIATION
Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

नीरज सिंह जीएम प्रशासन ने एजेंडा संख्या 5 को चर्चा के लिए पटल पर रखा और मीटिंग में शामिल सभी सदस्यों को बताया कि बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व के लंबित सभी GST, TDS का भुगतान कर दिया गया है। वर्त्तमान में GST, TDS का भुगतान करना है। जिसके लिए चार चेक की आवश्यकता है। सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष श्री आशुतोष नंदन सिंह को इन भुगतान पर निर्णय लेने के लिए कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट के तरफ से अधिकृत किया गया।

**एजेंडा संख्या 6 : बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के लीगल मैटर पर चर्चा और निर्णय।**
नीरज सिंह ने एजेंडा संख्या 6 को चर्चा के लिए पटल पर रखा और मीटिंग में शामिल सभी सदस्यों को विभिन्न जिलो का नाम लेते हुए इस सम्बन्ध में बताया कि वर्त्तमान में बहुत सारे मामले प्रकाश में आये हैं, जिसमे कुछ विरोधी तत्वों ने विभिन्न जिला न्यायालय में विभिन्न प्रकार के वाद दायर कर बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की क्रिया कलापों को प्रभावित करने का काम किया है । जिसमे कुछ क्रिमिनल केस भी है। इन सब केस को देखने के लिए दो अधिवक्ताओं को आवश्यकतानुसार अविलम्ब एम्पनेल किया गया है जिसमे एक श्री अमित कुमार एवं दुसरे श्री दयानंद कुमार है। जिनका मासिक भुगतान क्रमशः 25,000 एवं 15,000 बातचीत के बाद औपबंधिक रूप से तय की गयी है। इसके आलवा पटना से बाहर के केस को देखने के लिए आने जाने एवं रहने के लिए TA&DA भी दिया जायेगा।
**निर्णय:** चर्चा उपरांत मीटिंग में शामिल सभी सदस्यों ने नीरज सिंह के द्वारा दी गयी जानकारी के वकीलों को देय मासिक भुगतान पर बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के वादों (केस) को देखने हेतू सेवा में लेने के निर्णय को संपुष्ट करते हुए सर्वसम्मति से अधिवक्ता के मासिक खर्चो एवं TA&DA को पारित किया।

**एजेंडा संख्या 7 : बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के विभिन्न बैठकों में लिए गए निर्णय के आलोक में किये गए नए नियुक्तियों पर चर्चा एवं संपुष्टि**
नीरज सिंह ने एजेंडा संख्या 7 को चर्चा के लिए पटल पर रखा और मीटिंग में शामिल सभी सदस्यों को बताया कि इस मीटिंग के पूर्व में विभिन्न बैठको में लिए गए निर्णय के आलोक में नियुक्तिया की गयी है जिसमे माननीय सुप्रीम कोर्ट, माननीय हाईकोर्ट के अधिवक्ता के साथ अधिवक्ता प्रशांत जी भी शामिल है।
**निर्णय:** इस विषय पर चर्चा के पश्चात बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने नियुक्तियों को आवश्यकता नुसार एवं नियमानुसार पाते हुए सभी नियुक्तियों एवं मानदेय को संपुष्ट करते हुए पारित किया।

**एजेंडा संख्या 8 : बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के नए ऑफिस के Establishment में किये गए और होने वाले विभिन्न खर्चो पर चर्चा एवं निर्णय**
एजेंडा संख्या 8 के सम्बन्ध में स्वयं माननीय अध्यक्ष राकेश तिवारी ने सदस्यों को बताया कि ऑफिस एस्टाब्लिश्मेंट पर अभी तक जो खर्चे हुए हैं, इसकी बारीक़ निगरानी नीरज सिंह देख/कर रहे हैं और आगे भी बजट के भीतर सभी कार्यो को करवाने के लिए नीरज सिंह का प्रस्ताव है, इस पर बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से नीरज सिंह को इस कार्य को पूर्ण करवाने के लिए अधिकृत किया।

**एजेंडा संख्या 9 : अन्यान्य पर चर्चा एवं निर्णय**
माननीय अध्यक्ष की अनुमति से नीरज सिंह ने बताया कि अभी कुछ दिन पहले कुछ विरोधी तत्वों की बैठक हुई थी जिसमे कुछ लोग अनभिज्ञता में, कुछ लोग धोखे की वजह से वहां मीटिंग मे भाग लिए। इसमें से कई जिला संघों से स्पष्टीकरण प्राप्त हुए है। इस पर चर्चा कर निर्णय लेने की आवश्कता है।

Rakesh Kumar Tiwary

Minutes of Emergent meeting of COM

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**निर्णय:** माननीय अध्यक्ष ने सदस्यों को बताया कि कुछ जिला संघो को बीसीए के अवैध मीटिंग में गृह प्रवेश के नाम पर धोखे से बुलाया गया, कुछ लोगों का फर्जी हस्ताक्षर भी बना लिया गया। इस मीटिंग में शामिल जिला संघो के प्रतिनिधि श्री ओमप्रकाश जैसवाल जी ने बताया कि अवैध लोगो के द्वारा भेजे गए लिंक को भूलवश खोल लिया था एवं आज मीटिंग में इन अवैध लोगों के कूकृत्य के बारे में विस्तार से बताया। संघ विरोधी इन हरकतों का बीसीए के संज्ञान में आने पर जिला संघों को कारण बताये नोटिस (शो कॉज नोटिस) जारी किया गया। 2-3 जिला संघों को छोड़ कर सभी का लिखित जबाब बीसीए को प्राप्त हुआ है, जिसमे संघ विरोधी तत्वों के द्वारा धोखे से, गलत हस्ताक्षर के बारे में लिखित जानकारी दी गयी है।चर्चा के उपरांत सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि:

1. जिन जिला संघों का जबाब संतोषप्रद है, उन पर किसी भी तरह की कार्यवाई बीसीए नहीं करेगा।
2. जिन जिला संघों का जबाब अप्राप्त/संतोषजनक नहीं है पर कार्यवाई करने एवं निर्णय लेने के लिए माननीय अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी को कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की तरफ से अधिकृत किया गया।

इसके बाद बीसीए अध्यक्ष ने मीटिंग में शामिल सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मीटिंग की कार्यवाही को समाप्त करने की घोषणा किया।

Rakesh Kumar Tiwary


राकेश कुमार तिवारी
अध्यक्ष
बिहार क्रिकेट एसोसिएशन

*This Minutes of the meeting of COM emergent meeting held on 01 April 2023 is in line with the recording available with BCA.*

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**उपस्थिति:**




राकेश कुमार तिवारी
अध्यक्ष
बिहार क्रिकेट एसोसिएशन